# षोडश

# बिहार विधान सभा

## नवम सत्र

## अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-3

बुधवार, तिथि $\frac{\text{30 फाल्गुन, 1939 (श0)}}{\text{21 मार्च, 2018 (ई0)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 02**

| | | |
|---|---|---|
| (1) ग्रामीण विकास विभाग | .. .. | 02 |
| | कुल योग — | 02 |

औचित्य बतलाना

'क'-22. श्री राघव शरण पाण्डेय--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक **25 जनवरी, 2018** को छपी शीर्षक ''स्वच्छता में बिहार महज 36 फीसदी पर ही अटका'' को ध्यान में **रखते हुये क्या मंत्री,** ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार **ने अक्टूबर, 2019** तक सभी घरों में शौचालय बनाने का लक्ष्य रखा है, परन्तु वर्तमान में केवल 36 प्रतिशत घरों **में ही शौचालय** बन पाये हैं जो राष्ट्रीय औसत के आधे से भी कम है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

बकाये राशि का भुगतान

34. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2016-17 में राज्य के 38 जिलों में 19 लाख 51 हजार 657 शौचालय का निर्माण हुआ जिसमें मात्र 5 लाख 51 हजार 906 लाभुकों को ही शौचालय निर्माण की राशि का भुगतान किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 13 लाख 99 हजार 751 लाभार्थियों को शौचालय निर्माण की राशि अबतक उपलब्ध नहीं करायी गयी है ;

(3) क्या यह बात सही है कि 13 लाख 99 हजार 751 निर्मित शौचालय का 16,79,70,12,000 रुपया लाभुकों को बकाये राशि का भुगतान अबतक नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त बकाये राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-दिनांक 15 मार्च, 2018 को सदन द्वारा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से ग्रामीण विकास विभाग में स्था0।

--------

पटना :
दिनांक 21 मार्च, 2018 (ई0) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 125-डी0टी0पी0-500